Girls' High School and College, Prayagraj
Work Sheet No. 1
Session - (2020-21)
Class 2 (A-F)
Subject - Hindi
Lesson - ईमानदार लकड़हारा

अभिभावकों के लिए निर्देश - अभिभावक यह सुनिश्चित करें कि बच्चे पाठ को सही उच्चारण के साथ, मात्राओं को समझते हुए पढ़ें, समझें और प्रस्तुत पाठ के अंश के नीचे लिखे अभ्यास को करें।

किसी गाँव में एक गरीब लकड़हारा रहता था। वह हर रोज जंगल से लकड़ियाँ काटता था और उन्हें बेच कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। एक दिन वह जंगल में नदी के किनारे लकड़ियाँ काट रहा था। उस समय उसकी कुल्हाड़ी नदी में गिर गई। वह बहुत दुःखी हुआ। यह कुल्हाड़ी उसका बहुत बड़ा सहारा थी। वह दुखी होकर नदी के किनारे बैठ गया और रोने लगा। उसी समय वहाँ पर जलदेवता प्रकट हुए। उन्होंने लकड़हारे से पूछा, "तुम क्यों रो रहे हो?" तब लकड़हारा बोला, "मेरी कुल्हाड़ी नदी में गिर गई है। वही एकमात्र मेरा और मेरे परिवार का सहारा थी क्योंकि मैं उससे लकड़ियाँ काटता हूँ और उन्हें बेच कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता हूँ। परंतु अब मैं क्या करूँगा? मैं तो नई कुल्हाड़ी भी नहीं खरीद सकता।"

प्रश्न-1 निम्नलिखित शब्दार्थों को याद करिए:

	शब्द	अर्थ
1	जंगल	वन
2	पालन-पोषण	पालना पोसना
3	प्रकट	जो सामने हो
4	एकमात्र	केवल एक
5	दुखी	उदास, अप्रसन्न

प्रश्न-2 रिक्त स्थान की पूर्ति करिए:

1 लकड़हारा बहुत ____ था।
2 लकड़हारे की कुल्हाड़ी उसके परिवार का बहुत बड़ा ____ थी।
3 लकड़हारा जंगल मे नदी के किनारे ____ काट रहा था।
4 लकड़हारा बहुत ____ हुआ और रोने लगा।
5 उसी समय वहाँ पर ____ प्रकट हुए।

प्रश्न-3 एक लाइन मे उत्तर लिखिए

प्र 1 लकड़हारा कहाँ रहता था?
प्र 2 लकड़हारा हर रोज जंगल क्यो जाता था?
प्र 3 लकड़हारा अपने परिवार का पालन-पोषण कैसे करता था?
प्र 4 जलदेवता ने लकड़हारे से क्या पूछा?
प्र 5 लकड़हारे ने जलदेवता को क्या बताया?